संत ज़ेवियर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दिल्ली - 54

कक्षा–9	पूर्व वार्षिक परीक्षा – 2017-18	पूर्णांक–40
दिनाँक–21.12.2017	हिन्दी	समय–1½ घंटा

निर्देश :– 1. सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार देना अनिवार्य है।
2. सुलेख एवं वर्तनी पर विशेष ध्यान दीजिए।

खंड 'क'

1. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए – (1x4=4)
   - क. 'परि' – उपसर्ग का प्रयोग कर एक शब्द बनाइए।
   - ख. 'इमा' – प्रत्यय का प्रयोग कर एक शब्द बनाइए ।
   - ग. 'अंतर्धान' – शब्द से उपसर्ग तथा मूलशब्द अलग कीजिए)
   - घ. 'लुभावना' – शब्द से मूलशब्द तथा प्रत्यय अलग कर लिखिए।

2. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए – (½+½+1=2)
   - क. 'चक्रधर' – समास विग्रह कीजिए।
   - ख. 'तीन फलों का समाहार' – समस्त पद बनाइए और लिखिए।
   - ग. 'आत्मविश्वास' – समास विग्रह करते हुए समास का भेद भी बताइए।

3. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए – (½+½+1=2)
   - क. समय से पहुँच जाना। (वाक्य भेद बताइए)
   - ख. यहाँ से कभी मत जाना। (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए)
   - ग. तुम्हें नौकरी मिल जाएगी। (इच्छार्थक वाक्य में बदलिए)

4 i. निम्नलिखित काव्य–पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए – (½x2=1)

क. ज्यों निकलकर बादलों की गोद से,
थीं आयी इक बूँद कुछ
आगे बढ़ी।

ख. विष–बाण बूँद से छूटेंगे।

ii. 'श्लेष' अलंकार का <u>एक</u> उदाहरण लिखिए। (1)

खंड 'ख'

5. निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> विषय पर पत्र लिखिए – (5)

अपनी छोटी बहन को योग तथा प्राणायाम करने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए।

अथवा

जल संकट से उत्पन्न कठिनाइयों का वर्णन करते हुए जल बोर्ड के निर्देशक को पत्र लिखिए।

6. निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> विषय पर संवाद लिखिए – (5)

दो मित्र घनश्याम दास और राजकुमार बातचीत कर रहे हैं। उनकी बातचीत मादक द्रव्य (नशीले पदार्थ) और युवा पीढ़ी पर आधारित है। युवाओं को नशीले पदार्थों के प्रति आकर्षण तथा इसके बुरे प्रभावों का विवरण देते हुए एक संवाद लिखिए।

अथवा

फ़ास्ट फूड खाने के बारे में अनुज और उसकी माँ के बीच होने वाली बातचीत को संवाद शैली में प्रस्तुत कीजिए।

Contd.....2.

खंड 'ग'

7. पाठ्य पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

सन् 1857 ई. के विद्रोही नेता धुंधूपंत नाना साहब कानपुर में असफल होने पर जब भागने लगे, तो वे जल्दी में अपनी पुत्री मैना को साथ न ले जा सके। देवी मैना बिठूर में पिता के महल में रहती थीः पर विद्रोह दमन करने के बाद अंग्रेज़ों ने बड़ी क्रूरता से उस निरीह और निरपराध देवी को अग्नि में भस्म कर दिया। उसका रोमांचकारी वर्णन पाषाण हृदय को भी एक बार द्रवीभूत कर देता है।

क. नाना साहब ने किसके विरूद्ध विद्रोह किया था और क्यों? (1)

ख. 'पाषाण हृदय' का क्या अर्थ है? यहाँ इसका प्रयोग किस अर्थ में हुआ है? (1)

ग. 'निरपराध' – शब्द से उपसर्ग व मूल शब्द अलग करके लिखिए। (1)

घ. गद्यांश में निहित दो साहित्यिक विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए। (1)

ङ. गद्यांश की विधा व काल बताइए। (1)

8. पाठ्य पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

एक काले माथ वाली चतुर चिड़िया
श्वेत पंखों के झपाटे मार फौरन
टूट पड़ती है भरे जल के हृदय पर
एक उजली चटुल मछली
चोंच पीली में दबा कर
दूर उड़ती है गगन में!

क. काले माथे और सफ़ेद पंखों वाली चिड़िया क्या कर रही है? आपकी दृष्टि में वह किस प्रकार के व्यक्तित्व का प्रतीक है? स्पष्ट कीजिए। (2)

ख. काव्य सौंदर्य की कोई चार विशेषताएँ उदाहरण साहित लिखिए। (2)

ग. पद्यांश के कवि तथा कविता का नाम बताइए। (1)

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (2x3=6)

क. बालिका मैना के चरित्र की कोई दो विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए।

ख. बालिका मैना ने सेनापति 'हे' को कौन–कौन से तर्क देकर महल की रक्षा के लिए प्रेरित किया? (दो तर्क लिखिए)

ग. ''इस विजन में, दूर व्यापारिक नगर से प्रेम की प्रिय भूमि उपजाऊ अधिक है'' – पंक्ति में नगरीय संस्कृति के प्रति कवि का क्या आक्रोश है और क्यों?

10. 'रीढ़ की हड्डी' पाठ के आधार पर बताइए कि समाज में महिलाओं को उचित गरिमा दिलाने के लिए आप क्या सहयोग दे सकते हैं? साथ ही स्त्री शिक्षा के पक्ष में अपने विचार प्रकट करते हुए लिखिए कि इस पाठ से आपको क्या प्रेरणा मिली है? (4)

*****